हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 9 जनवरी 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगाए गए...



07 कर्नाटक में बंधक 17 मजदूरों और 20 बच्चों ...



## खबर संक्षेप में

### पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने पर होगी कार्रवाई

**नलखेड़ा।** जल निगम द्वारा जिले में पेयजल प्रदाय के लिये बिछाई गई पाईप लाईन निजी, सार्वजनिक हित एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त करने पर संबंधित से क्षति वसूली की कार्यवाही की जाएगी। महाप्रबंधक जल निगम घनश्याम उपाध्याय ने बताया कि जिले के ग्रामों में समूह जलप्रदाय योजनाओं के माध्यम से पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। कई स्थानों पर बिछाई गई पाईप लाईन को निजी हित, सार्वजनिक प्रयोग अथवा अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल प्रदाय व्यवस्था बाधित होती है। ऐसी स्थिति में पाईप लाईन क्षतिग्रस्त कर जलप्रदाय बाधित करना भारतीय न्याय संहिता के तहत क्षति की वसूली एवं कानूनी कार्यवाही की श्रेणी में आता है। जिले के नागरिकों से अपील है कि पेयजल हेतु बिछाई गई पाईप लाईन को किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं करें अन्यथा संबंधित पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।


### ठाकुर करण सिंह चौहान के निधन से शोक व्याप्त

**कानड़।** आर्य समाज के प्रचारक, समाज सेवी स्वर्गीय शिव सिंह आर्य के छोटे भाई करण सिंह चौहान (शाजापुर) का इंदौर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान बुधवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा उनके गृह नगर स्वनिवास सोंधीया सेरी कानड़ से मुक्ति धाम के लिए निकली गई।

### बगलामुखी मन्दिर के पंडितों ने विरोध में अनिश्चितकाल के लिए हवन अनुष्ठान बंद कर किया प्रदर्शन

# अफसर के बिगड़े बोल- सुसनेर एसडीएम द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर की अभद्र टिप्पणी!

मंदिर परिसर में ही एसडीएम के विरोध में नारेबाजी कर धरने पर बैठे







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मन्दिर के पंडितों ने सुसनेर एसडीएम के विरोध में अनिश्चितकाल के लिए हवन अनुष्ठान बन्द कर प्रदर्शन

शुरू किया। वहीं मन्दिर पहुंचे एसडीएम सर्वेश यादव का घेराव कर एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। दिनभर चली गहमागहमी के बाद मां बगलामुखी मंदिर के समस्त प्रभारी से एसडीएम श्री यादव को कार्यमुक्त कर डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई को प्रभार सौपे गए है। गुरुवार को दोपहर 12 बजे से मां बगलामुखी मंदिर पर हवन पूजन करवाने वाले पंडितों ने एसडीएम श्री यादव द्वारा ब्राह्मणों के खिलाफ अपशब्द कहने व मनमानी करने के आरोप लगाते हुवे हवन पूजन का कार्य अनिश्चितकाल के लिए बंद कर विरोध



प्रदर्शन करना प्रारम्भ कर दिया था। सभी पंडित मन्दिर परिसर में ही एसडीएम के विरोध में धरने पर बैठ गए। एसडीएम सुसनेर का पंडितों को अपशब्द कहने की एक कॉल रिकार्डिंग भी हुई जिसके बाद पंडितों में नाराजगी दिखाई दी। पंडितों ने जमकर प्रदर्शन करते हुए सुसनेर एसडीएम सर्वेश यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल हटाने की मांग की। पंडितों का आरोप है कि एसडीएम बिना पूर्व सूचना और बिना किसी से चर्चा किए मनमाने ढंग से नए नियम लागू कर रहे हैं। जिससे वर्षों से सेवा दे रहे पंडितों को लगातार परेशान किया जा रहा है। पंडितों ने यह भी आरोप लगाया कि एसडीएम द्वारा उन्हें अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया जाता है और स्वयं को मुख्यमंत्री का रिश्तेदार बताकर दबाव बनाया जाता है। आक्रोशित पंडितों ने मंदिर परिसर में एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकाल के लिए हवन-अनुष्ठान बंद करने की घोषणा कर दी। मामले की जानकारी मिलते ही तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव और थाना प्रभारी नागेश यादव मंदिर परिसर पहुंचे जहां पंडितों से चर्चा कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन पंडित अपनी मांग पर अडिग रहे। मामला तूल पकड़ने के बाद एडीएम आरपी वर्मा एवं एडिशनल एसपी रविन्द्र कुमार बोयट मंदिर पहुंचे जहाँ उनके द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समक्ष आंदोलनकारी पंडितों से चर्चा उपरांत कलेक्टर के आदेशानुसार मां बगलामुखी मंदिर से सम्बंधित समस्त प्रभारों से एसडीएम सर्वेश यादव को कार्यमुक्त करते हुवे डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई को मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति के समस्त कार्यभार सौपे गए। एडीएम के उक्त आदेश के बाद आक्रोशित पंडित हवन पूजन प्रारंभ करने पर सहमत हुए।

#### जनप्रतिनिधियों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

सम्पूर्ण मामले के पटाक्षेप में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम मस्ताना, जिला मंत्री पवन वेदिया, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रेम राठौर ,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी , पार्षद गोर्वधन वेदियां सहित अन्य कई जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रशासन व पंडितों के मध्य मध्यस्ता कर पंडितों को समझाइश देकर व प्रशासन के समक्ष पंडितों की जायज मांगो को रखकर मामले का पटाक्षेप करवाया।

#### अपमानजनक टिप्पणी से समाज में रोष

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष पुष्पेन्द्र मिश्र ने मामले में कहा है कि ब्राह्मण समाज को लेकर जिस तरह से लगातार अधिकारियों द्वारा बयानबाजी की जा रही है इससे समाज बेहद व्यथित और आक्रोशित है। आगर मालवा जिले के नलखेड़ा में एसडीएम सर्वेश यादव ने ब्राह्मणों को हरामखोर कह दिया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण हरामखोर होता है। यादव के इस बयान को लेकर ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है। समाज इस तरह की टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर यादव पर शासन एक्शन नहीं लेती है समाज अपने सम्मान को लेकर सड़क पर उतर कर अपना विरोध प्रदर्शित करेगा।

#### कार्यभार सौंपा गया

पंडितों के धरना प्रदर्शन की जानकारी लगने पर यहाँ आये जहाँ सभी पक्षो से चर्चा करने के बाद यह निष्कर्ष निकला कि एसडीएम द्वारा कुछ आपत्तिजनक कहा गया जिससे पंडितों में आक्रोश है। कलेक्टर के आदेशानुसार एसडीएम सर्वेश यादव को मां बगलामुखी मंदिर से सम्बंधित सभी कार्यभार से मुक्त करते हुवे डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई को कार्यभार सौपा गया है।

**-आरपी वर्मा,** एडीएम आगर

### सिद्धि विनायक की कृपा से सजी सेवा की थाली, गणेश मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**सीहोर।** शहर के प्रसिद्ध एवं देशभर में आस्था का केंद्र माने जाने वाले सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में बुधवार को भक्तिभाव और सेवा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। गणेश भक्तों द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में पहुंचना शुरू हो गया था। भगवान श्रीगणेश के दर्शन कर भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की और सेवा में सहभागी बनकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरा परिसर गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजता रहा। गौरतलब है कि गणेश भक्तों द्वारा अंग्रेजी नववर्ष के पहले सप्ताह में प्रथम बुधवार को भव्य भंडारे के आयोजन की परंपरा पिछले वर्षों से चली आ रही है। इस वर्ष भी भगवान गणेश के प्रिय दिवस पर पूरे विधि-विधान से आयोजन किया गया। सुबह भगवान गणेश को भोग अर्पित किया गया और दोपहर 12 बजे महाआरती के उपरांत भव्य भंडारे का शुभारंभ हुआ, जो शाम तक अनवरत चलता रहा। भंडारे में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और पंक्ति में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं ने अनुशासन और भक्तिभाव के साथ प्रसाद लिया। भंडारे में अनेक भक्तों ने स्वयं प्रसादी वितरण कर सेवा का अवसर प्राप्त किया, जिससे आयोजन और भी पुण्यदायी बन गया।

## विद्यार्थियों ने वन विभाग के आयोजित अनुभूति शिविर में लिया भाग

**नलखेड़ा।** वन विभाग द्वारा इकलेरा वन क्षेत्र में सांदीपनि विद्यालय नलखेड़ा एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नलखेड़ा के स्कूली छात्र छात्राओ को अनुभूति शिविर अन्तर्गत वन भ्रमण कराया गया थीम मै भी बाघ हम हैं बदलाव हम हैं धरती के दूत पर स्कूलो के बच्चों को वन एवं वन्यजीव तथा पर्यावरण के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव करवाया गया कार्यक्रम में चंदरसिंह पंवार वन परिक्षेत्र अधिकारी सुसनेर ने वन्यजीव एवं वनस्पति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और अपने जन्मदिन पर अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती



हेमलता शाह वन मंडलाधिकारी शाजापुर फतेसिंह नीनामा उप वनमंडलाधिकारी आगर प्रोफेसर मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बच्चों को संबोधित किया।बच्चों को पेड़ पौधों का संवर्धन एवं संरक्षण के बारे में बताया गया। सुबह से नाश्ता करवाने के बाद प्रकृति पथ पर बच्चों को सीधे प्रकृति से जोड़कर प्रकृति संरक्षण हेतु प्रकृति के महत्व का अनुभव कराया। दोपहर में लंच के बाद बच्चों को लिखित प्रश्नोत्तरी में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को पुरुस्कार वितरण किया गया और प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया साथ ही तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं तात्कालिक भाषण में भाग लेने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम मे सांदीपनि विद्यालय के उपप्राचार्य शांतिलाल राठौर शैक्षणिक भ्रमण संयोजक मुकेश चौरसिया मंगलेश भाटी संजय वेदिया महेश पाटीदार रामलाल पाटोदिया श्रीमती श्रेष्ठा चौरसिया उषा शर्मा शिवानी राठौर शानू मेव पीरुलाल खाटकी केएल परमार आदि मौजूद थे।

## जमी बर्फ, पारा 3.9 डिग्री पर पहुंचा, इस सीजन में तीसरी बार इतना गिरा तापमान, पौधों पर गिरी ओस बर्फ बनी

**सीहोर।** जिले में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का दौर जारी है। यहां न्यूनतम तापमान गिरकर 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। ठंड का असर इतना ज्यादा है कि खेतों में फसलों और पौधों पर ओस की बूंदें जमने लगी हैं। ग्राम बिजोरी से आई तस्वीरों में पौधों पर बर्फ की सफेद परत साफ देखी जा सकती है। उत्तरी हवाओं के कारण ठंड का प्रकोप और बढ़ गया है।

**सीजन में तीसरी बार 4 डिग्री से नीचे आया पारा :** यह इस सीजन में तीसरी बार है



जब तापमान इतना नीचे आया है। इससे पहले 17 दिसंबर को 3.9 डिग्री और 28 दिसंबर को 3.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था। आंकड़ों की तुलना करें तो पिछले साल 8 जनवरी को न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था। दिसंबर माह में भी सीहोर का न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ था।

**कोहरा छंटा, लेकिन बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन :** जिले में उत्तर दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण ठंड में बढ़ोतरी हुई है। पिछले दो दिनों से आसमान साफ है और कोहरा नहीं छाया है, लेकिन शीत लहर का प्रकोप बना हुआ है। जनवरी की शुरुआत में घना कोहरा छाया था, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई थी। अब कोहरा छंटने के बाद ठंड का असर तीखा हो गया है।

**फसलों पर जम रही ओस, शीत लहर की चपेट में जिला :** उत्तरी ठंडी हवाओं के कारण पूरा सीहोर जिला शीत लहर की चपेट में है। इस कड़ाके की ठंड के प्रभाव से फसलों और छोटे पौधों पर ओस की बूंदें जम रही हैं। तापमान में लगातार गिरावट से किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि इससे फसलों में पाला लगने की संभावना बनी रहती है।

## एटीएम के सामने मिला बुजुर्ग का शव, ठंड लगने से मौत की आशंका

### भीख मांगकर करता था गुजारा, पहचान नहीं हुई

**सीहोर।** कड़ाके की ठंड के कारण एक अज्ञात बुजुर्ग की मौत हो गई है। बुधवार सुबह शहर के शुगर फैक्ट्री मार्ग पर विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के पास स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम के सामने बुजुर्ग का शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस और नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस शिनाख्त के प्रयास कर रही है।प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मृतक भिक्षा मांगकर अपना गुजारा करता था। वह अक्सर सड़क किनारे ही सो जाया करता था। बीती रात भी वह एटीएम के सामने सोया था, लेकिन सुबह जब काफी देर तक नहीं उठा, तो लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। पावर हाउस चौराहा क्षेत्र के लोगों ने बुजुर्ग को अचेत अवस्था में देख पुलिस और नगर पालिका परिषद को सूचना दी।

खबर मिलते ही क्षेत्र के पार्षद अजय पाल सिंह और पुलिस बल



मौके पर पहुंच गया।

पार्षद ने बताया कि उन्हें बिजली घर चौराहा से कई लोगों के फोन आए थे। उन्होंने भी आशंका जताई है कि बुजुर्ग की मौत अत्यधिक ठंड लगने के कारण हुई है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार :**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल ठंड को ही मौत की वजह माना जा रहा है।

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया सीवेज कार्य का निरीक्षण

# जहां पर काम पूरा हो चुका है उस मिट्टी को तुरंत हटाया जाए: नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बढ़यिाखेड़ी में सीवेज कार्य का भूमि पूजन किया गया था, इसके तत्काल बाद से तेजी से कार्य शुरू कर दिया है। निर्माण एजेंसी के द्वारा क्षेत्र में 28 किलोमीटर की सीवेज लाइन डाली जानी है। नए साल की शुरूआत में शहर के एक बड़े हिस्से में सीवेज का कार्य किया जाएगा। इसमें करीब 26 करोड़ रुपए की लागत से करी वार्ड क्रमांक 1, 2 और तीन में कार्य का भूमि पूजन किया गया है। तेजी रफ्तार से सीवेज कार्य पूर्ण किया जाएगा। बारिश से पहले सीवेज और जहां पर सीवेज का कार्य पूर्ण होने के बाद करोड़ों रुपए की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसको लेकर बुधवार की सुबह नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित स्थानीय पार्षदों और नगर पालिका अमले के साथ जायजा लिया। सीवेज का कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण बढ़यिाखेड़ी में



अनेक सड़कों का निर्माण कार्य नहीं होने से क्षेत्रवासियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन आगामी दिनों में इन क्षेत्रों का विकास कार्य पूर्ण किया जाएगा साथ ही सीवेज का कार्य मंडी में भी तेजी से किया जाएगा। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने सीवेज कार्य का जायजा लिया और संबंधित निर्माण एजेंसी को जरूरी निर्देश दिए। उनसे कहा गया कि जहां पर काम पूरा हो चुका है उस मिट्टी को तुरंत हटाया जाए। साथ ही समतली कार्य पर भी ध्यान दिया जाए। संबंधित कंपनी के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर के जिन क्षेत्रों में खुदाई कार्य व पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो जाएगा, उन मार्गों, गलियों में तुरंत मिट्टी से समतल कर उसे यातायात के लिए सुचारु बनाया जाए। उन्होंने लोगों से अपील कर कहा कि यह एक महत्वकांक्षी योजना है। सीहोर को सुंदर व स्वच्छ बनाए रखने व पेय जल की सुचारु व्यवस्था के लिए यह जरूरी है। सीवेज खुदाई व पाइप लाइन बिछाने का काम कार्य पूरा करने के लिए कंपनी को निर्देशित किया है। इस काम की मानीटरिंग पार्षद करें। सीवेज कार्य के पश्चात सड़कों का निर्माण भी किया जाएगा। बढ़यिाखेड़ी सहित वार्ड के अंतर्गत आने वाले अनेक मार्ग सीवेज कार्य नहीं होने के कारण लंबित है उनको पूर्ण किया जाएगा।

### उपसरपंच के पदों के निर्वाचन हेतु सम्मिलन 16 को होगा

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. ने जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को जिले की पंचायतों में रिक्त उपसरपंच के पदों के निर्वाचन हेतु निर्वाचित पंचों का सम्मिलन आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार यह सम्मिलन 16 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा।

एजेन्सी देना है। हरिभूमि
आगर, तनोड़िया सुसनेर, सोयतकलां, बरोंद, नलखेड़ा
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042

## खबर संक्षेप

### आयुक्त ने किया वार्डों का औचक निरीक्षण देखी साफ-सफाई व्यवस्था

**देवास।** स्वच्छ देवास स्वस्थ्य देवास अन्तर्गत आयुक्त दलीप कुमार द्वारा वार्डों का औचक निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने वार्ड 8,9,10 में निरीक्षण के दौरान साफ सफाई व कचरा संग्रहण गाडी वार्डो मे निरंतर आने को लेकर रहवासियों से फीड बेक भी लिया। गीला/सूखा कचरा अलग अलग डस्टबिन में लेकर डालने का रहवासियों को आयुक्त ने कहा वहीं वार्ड की कचरा संग्रहण वाहन में गीला एवं सूखा कचरा भी चेक किया। खाली प्लॉट पर कचरा नहीं डाले ना ही कचरा वार्डों में जलाने दें रहवासियों से मिलकर बताने हेतु दरोगा व स्वच्छता निरीक्षक को निर्देश दिये। वार्ड दरोगा को हिदायत देते हुये कहा कि सड़कों पर व्यर्थ पानी ढोलने वाले तथा गन्दगी करने वालों पर चालानी कार्यवाही करवायें जाने के भी निर्देश दिये।

### फुटबॉल चेपिंयनशिप का हुआ शुभारंभ

**देवास।** नाइन ए साइड फुटबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया सचिव प्रवीण सांगते ने बताया कि 14 वीं सबजूनियर नेशनल नाइन ए साइड फुटबॉल चेपियनशिप 07 जनवरी 2026 से 09 जनवरी 2026 तक आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता में पुरे भारत से आये 14 राज्य हरियाणा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार , कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल, दमन दिव, गुजरात, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, मध्य भारत के खिलाड़ी इस नेशनल चैंपियनशिप मे भाग लेगे। शुभारंभ में मुख्य अतिथि रायसिंह सेंधव जिला अध्यक्ष भाजपा, राजेश यादव जिला महामंत्री भाजपा, जीतेन्द्र वर्मा समाजसेवी, आर एस सोलंकी खेल गुरू, सुदेश सांगते विश्वामित्र अवार्ड, जयसिंह ठाकुर राष्ट्रीय अध्यक्ष नाइन ए साइड फुटबॉल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता तुकोजीराव पंवार स्टेडियम देवास मे आयोजित की जा रही है। जिसमे भारत के 14 राज्यों से 240 खिलाड़ियों ने भाग लिया ।

### सूने घरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

# ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरा ने फिर साबित की अपनी भूमिका, सीसीटीवी फुटेज में आरोपी की पहचान






### सूने मकानों को चिन्हित कर ताले तोड़कर चोरी की वारदातों को देते थे अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के द्वारा चोरी/लूट/डकैती की घटनाओं में संलिप्त आरोपियो की धड़पकड़ कर गया मश्रुका बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्दिशित किया गया है। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की 03 घटनाओं का सफल खुलासा किया गया। 22 जनवरी 25 को फरियादी जयराम पिता कृष्णलाल हनोतिया उम्र 52 वर्ष निवासी मकान न. 28 बद्रीधाम एक्सटेंशन जवाहर नगर के पास देवास ने थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह पेशे से वकालत करते है। 21 नवंबर को दोपहर लगभग 03.00 बजे फरियादी अपनी पत्नी के साथ पारिवारिक कार्यक्रम में क्षिप्रा गये थे। अगले दिन शाम को लगभग 06.00 बजे जब वापस अपने घर आये तो देखा कि घर के मुख्य दरवाजे पर लगा ताला एवं अंदर पीछे वाले कमरे में रखी अलमारी का ताला व लॉकर टूटे हुए थे। अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी गायब थे। कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 858/22.11.2025 धारा 305(ए),331(4) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । वहीं 05 जनवरी को फरियादी राहुल चौहान पिता छितुलाल चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी मकान नं. 122 सम्यक विहार कॉलोनी देवास ने थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह एचडीएफसी बैंक रामनगर देवास में नौकरी करते है। 1 जनवरी को शाम करीब 05.00 बजे वह अपनी पत्नी व तीनों बच्चों के साथ घर में ताला लगाकर अपने गांव झोंकर,मक्सी गये थे। 03 जनवरी को सुबह करीब 09.25 बजे जब वह घर वापस आये तो देखा कि चैनल गेट का ताला खुला हुआ था तथा घर के अंदर कमरे का ताला एवं अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ होकर अलमारी में रखी चांदी की पायजेब,चांदी की चूड़ियां,चांदी की चैन,सोने के नाक कांटे व नगदी लगभग 5-6 हजार रुपये कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 10/05.01.2026 धारा 305(ए),331(4) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । 05 जनवरी को फरियादी भरत झकोरे पिता मुलचन्द्र झकोरे उम्र 46 वर्ष निवासी मकान नं. 104-बी लक्ष्मण नगर देवास ने थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह जनपद देवास में उपयंत्री के पद पर कार्यरत है। 03 जनवरी को शाम करीब 04.30 बजे वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ अजमेर गये थे। 5 जनवरी को दोपहर करीब 02.40 बजे जब वह घर वापस लौटे तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था तथा अलमारी का ताला टूटा हुआ था एवं अलमारी में रखे 3,00,000/- नगदी,01 सोने का सिक्का,07 चांदी के सिक्के,चांदी की कुमकुम डिब्बी,नीले रंग का बैग एवं एटीएम कार्ड कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 11/05.01.2026 धारा 305(1),331(4) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा घटना में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं चोरी गया मश्रुका की बरामदगी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर “ऑपरेशन त्रिनेत्रम” के तहत लगे घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीव्ही कैमरा चैक किये गये,जिनमें आरोपियो द्वारा चोरी की घटनाएं कारित कर भागना कैद हुआ। सीसीटीव्ही फुटैज एवं विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियो की पहचान कर उन्हे गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से चोरी गये सोने-चांदी के आभूषण, 03 लाख नगदी कुल 10 लाख का मश्रुका जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही का जा रही है । पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुशल उर्फ खुशाल उर्फ खुशी पिता मनीष मुकुंदे उम्र 20 साल निवासी महाराष्ट्र मंडल जवाहर नगर, आकाश उर्फ शूटर पिता राजाराम चौहान उम्र 20 साल निवासी बद्रीधाम नगर, सुशील पिता रामचन्द्र उर्फ लखन उम्र 22 साल निवासी लक्ष्मण नगर और पीयुष पिता नन्दू कहार उम्र 20 साल निवासी अपेक्स हॉस्पिटल के सामने,ब्रीज के नीचे को गिरफ्तार किया है। वहीं विधि से संघर्षरत नाबालिग अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी के आभूषण, 03 लाख नगदी कुल 10 लाख का मश्रुका जप्त किया है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचन्द्र शर्मा,उनि जुवान सिंह भुरिया, प्रआर सुनील देथलिया,जितेंद्र पटेल,रवि गरोड़ा,मनोज पटेल,हेमंत डाबी,हेमेंद्र पटेल,मनोज मौर्य,आर सुजित चौधरी,वैभव मण्डलोई,नवीन देथलिया,गोपाल ठाकुर,मनीष देथलिया की सराहनीय भूमिका रही ।



# बकाया राशि जमा नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई में की तालाबंदी, गार्डन हुआ सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

निगम राजस्व विभाग की टीम के द्वारा निगम संपत्तिकर के बकायादारों के विरूद्ध सख्ती से कुर्की की कार्यवाही करते हुए राशि वसुली जा रही है। आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन मे राजस्व टीम द्वारा बकायादारों, गार्डनों एवं व्यवसाईक दुकानों, प्रतिष्ठानों पर तालबंदी की कार्यवाही मे बीमा रोड पर स्थित गेलेक्सी गार्डन पर संपत्तिकर की राशि 15 लाख व कचरा संग्रहण शुल्क की राशि 34 हजार 3 सौ 85 बकाया होने पर निगम उपायुक्त दिपक पटेल, राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव के द्वारा गार्डन पर कुर्की की कार्यवाही करते हुये तालाबंदी की गई। इसी प्रकार बीमा रोड पर स्थित कबीर मैरिज गार्डन का मौका निरीक्षण पर चाहे गए दस्तावेज प्रस्तुत नही रकने तथा निगम राजस्व मे उक्त गार्डन को रेकार्ड दर्ज नही होने पर 3 दिवस मे दस्तावेज प्रस्तुत करने का मौके पर सूचना पत्र दिया। उपायुक्त पटेल ने बताया कि संबंधित के द्वारा 3 दिवस मे दस्तावेज प्रस्तुत नही करते हैं तो गार्डन को सील करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

उपायुक्त पटेल ने बताया कि अन्य वार्डो मे कुर्की की कार्यवाही के दौरान वार्ड 35 मे कैदारसिंह पर 41 हजार 5 सौ 85, हिमरतसिहं पर 35 हजार 2 सौ 45, दौलतसिंह पर 41 हजार 3 सौ 64, वार्ड 38 मे ओमप्रकाश बालकिशन भूतडा पर 59 हजार 8 सौ 45 की संपत्तिकर की राशि बकाया होने पर करदाताओं के द्वारा राशि जमा कराई गई।विच्छेद होगें नल कनेक्शन, सप्लाय भी किया बंदवार्ड 33 मे अशोक पिता बाबुलाल कुमावत, प्रमोद रमेश शर्मा, लखन बाबुलाल पटेल, अमरजीत कौर कुलवंतसिंह पर संपत्तिकर की राशि बकाया होने पर 7 दिवस मे कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। इसी प्रकार जलकर की राशि 21 हजार बकाया होने पर रघुनाथपूरा में जब्बार शाह मोहम्मद शाह का नल कनेक्शन विच्छेद किया गया। आयुक्त के निर्देशन मे वार्ड क्रमांक 45 नागदा मे जलकर की अधिकांश जल उपभोक्ताओं पर जलकर की बडी राशि बकाया होने पर पानी का सप्लाई बंद किया।कार्यवाही मे मनोरमा बर्मन, राजेन्द्र जायसवाल, राजस्व उपनिरीक्षक रविन्द्रसिंह ठाकुर, संजय सांगते, सतीष चव्हाण, महेन्द्र राठौर, विनोद वैध, हेमन्त उबनारे, शिरोमणीसिंह, रूपेश देशमुख, गोतम तिवारी, विशाल, मनीष एवं सहायक सादिक खान, प्रतिक शर्मा, गोविन्द डागरे, अनिल बंजारे, गैंग प्रभारी अबरार पठान आदि उपस्थित रहे।



# किसान कांग्रेस ने देवास से विजयगंज मंडी तक निकाली किसान जन आंदोलन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बुधवार को किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान कि अध्यक्षता में देवास विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के हक में किसान जन आंदोलन यात्रा निकाली गई। यात्रा सुबह 12:00 बजे शिवाजी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात यात्रा प्रारंभ हुई जो अमलावती, निपानिया, मेंडकी धाकड़, पटलावदा, लोहान, बजेपुर, कवड़ी, अग्रोद, रालामंडल, मंगरोला, सालनखेड़ी, भेसुनी, विजयगंज मंडी पहुंची।

यात्रा का किसानो ने जोरदार स्वागत किया। मंडी के चौक बाजार में विशाल सभा का आयोजन किया गया जिसे संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किसानों को बताया की यात्रा का हमारा प्रमुख उद्देश्य है कि गेहूं की एमएसपी 4000 रुपए प्रति क्विंटल की जाए। धान की एमएसपी 4000 रुपए प्रति क्विंटल की जाए और सोयाबीन की एमएसपी 6000 रूपये प्रति क्विंटल की जाए। मक्का के समर्थन मूल्य पर अनिवार्य खरीदी प्याज, आलू, टमाटर, लहसुन का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाए। नकली खाद बेचने वालों पर सख्त कानून बने। इंदौर बुधनी रेलवे लाइन एवं आउटर रिंग रोड में अधिग्रहित भूमि का चार गुना मुआवजा दिया जाए। लैंड पुलिंग योजना पूरी तरह समाप्त की जाए। दुग्ध उत्पादकों को पांच रुपए प्रति लीटर बोंनस दिया जाए। धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों से वादे तो बहुत करती है लेकिन पूरा नहीं करती है।

आज किसान खाद और बीज के लिए परेशान हो रहा है उसकी फसल का लागत मूल्य नहीं मिल रहा है। सरकार अडानी को ज्यादा लाभ पहुंचा रही है सरकार ने किसान की अनेक फसलों के निर्यात पर रोक लगा दी है। केंद्र सरकार अडानी की बिजली बांग्लादेश को तो बेच रही है लेकिन किसान के प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी आपको समझना होगा। भाजपा सरकार आप से लगातार धोखेबाजी कर रही है लैंड पूलिंग योजना को आपको समझना होगा यह योजना निरस्त होनी चाहिए नहीं तो आपकी कीमती भूमि उद्योगपतियों को दे दी जाएगी। सभा को किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान, मनीष चौधरी, प्रयास गौतम, प्रदीप चौधरी, मनोज राजानी, जय सिंह ठाकुर, राजेंद्र मालवीय, तंवर सिंह चौहान, विक्रम मुकाती, सुधीर शर्मा, महेंद्र सिंह यशोना सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। सभा का संचालन भगवान सिंह चावड़ा ने किया। इसके पूर्व अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर एवं साफा बांधकर दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष तंवर सिंह चौहान ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान ग्रामीण एवं कांग्रेस जन उपस्थित थे।




### उप मुख्यमंत्री ने पत्रकार-वार्ता में वीबी-जी रामजी योजना की बताई खूबियां

# योजना से गांवों में अधोसंरचना का होगा विकासः मंत्री देवड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सागर सांसद लता वानखेड़े ने भाजपा कार्यालय देवास में वीबी-जी रामजी योजना को लेकर पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच का प्रतिफल है वीबी-जी रामजी जी योजना। प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच से आज दुनिया भारत की ओर देख रही हैं। वीबी-जी रामजी योजना वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार कर गांवों को समृद्ध बनाएगी। इस योजना में 125 दिन के रोजगार की गारंटी है, जबकि मनरेगा में सिर्फ 100 दिन काम मिलता था। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के समुचित विकास में मील का पत्थर साबित होगी। कांग्रेस के शासनकाल में इस योजना में 35 हजार करोड़ मिलते थे, जिसे बढ़ाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 74 हजार करोड़ किया और अब सुधारों के साथ लागू की जा रही इस योजना का बजट बढ़ाकर 95 हजार करोड़ कर दिया है। बजट में यह बढ़ोत्तरी कांग्रेस के शासनकाल के समय से लगभग तीन गुना अधिक है। प्रधानमंत्री जी महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को जमीन पर उतार रहे हैं। कृषि वर्ष 2026 में कृषि को उद्योग और रोजगार से जोड़कर सरकार किसानों की आय बढ़ाने का कार्य करेगी। कृषि वर्ष में वीबी-जी रामजी योजना से कृषि आधारित उद्योगों को नया विस्तार मिलेगा। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार 15 विभागों की संयुक्त कार्ययोजना बनाकर कृषि को रोजगार और उद्योग का सशक्त माध्यम बनाएगी। यह सुधार प्रक्रिया का एक हिस्सा है, कांग्रेस को इस योजना का विरोध की बजाय तथ्यात्मक बात करनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा पार्टी के भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सागर सांसद ने कहा कि वीबी-जी रामजी अधिनियम से गांवों में अधोसंरचना का विकास होगा और विकास की नई क्रांति आएगी। वीबी-जी रामजी योजना में गरीबों, मजदूरों को अब 100 दिन के बजाय बजाय 125 दिन मजदूरी मिलेगी। कांग्रेस योजना को लेकर भ्रम फैलाकर ग्रामीणों को गुमराह कर रही है। इस योजना में पंचायतों को भी कार्य करने का अधिकार दिया गया है। यह केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत संकल्प को धरातल पर उतारने वाला राष्ट्रीय स्तर का मिशन है।उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार ने वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया है। वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष घोषित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। अब नए साल में 15 विभागों की एक कार्ययोजना बनाकर कृषि को उद्योग और रोजगार से जोड़कर कार्य किया जाएगा। मध्यप्रदेश की कृषि विकास दर बहुत अधिक है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कृषि आधारित उद्योग जैसे एग्रिकल्चर फूड इंडस्ट्रीज, खाद्य प्रसंस्करण, दुग्ध उत्पादन, मछली उत्पादन, कुक्कुट पालन जैसे कार्यों को वीबी-जी रामजी योजना से जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। कृषि आधारित लघु एवं कुटीर उद्योगों को और बढ़ावा देने के साथ नवाचार करके किसानों की आय को बढ़ाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा। पत्रकार-वार्ता के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजयसिंह पंवार, जितेंद्रसिंह सेंधव, कमल अहिरवार, दिनेश सांखला, प्रतीक सोलंकी मंचासीन रहे। अतिथि परिचय कमल अहिरवार ने दिया। प्रेस वार्ता की प्रस्तावना भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने रखी। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।



# श्री बाबा भॅंवरनाथ मंदिर प्रांगण में विराट हिंदू सम्मेलन 11 जनवरी को



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में नगर भौरासा में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन आगामी 11 जनवरी को अति प्राचीन स्थित बाबा भॅंवरनाथ मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है जिसको लेकर आयोजन समिति द्वारा विभिन्न स्तर पर तैयारियां की जा रही है।

इसी कड़ी मे गुरुवार को आयोजन समिति सदस्यों ने नगर में स्थित श्री बाबा भॅंवरनाथ महाराज मंदिर पर पहुंचकर बाबा भॅंवरनाथ व भगवान मनकामेश्वर की पूजा अर्चना कर ध्वज पुजन किया। हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम के लिए बाबा को आमंत्रित किया गया।

समिति सदस्यों ने बाबा भवॅरनाथ महाराज को आमंत्रण पत्र चढ़कर न्योता देते हुए कार्यक्रम के लिए नगर में आमंत्रण पत्र बांटने का काम शुरू किया गया है जहां हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम में हर हिंदू परिवार के सभी सदस्यों की सहभागिता हो इसके लिए कार्यकर्ता हर घर-घर पहुंच कर आमंत्रण पत्र दे रहे हैं व कार्यकर्ताओं द्वारा टोली बना कर मोहल्ले में पहुंचकर संपर्क भी किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### अन्ना पशु बर्बाद कर रहे खेतों में किसानों की फसलें

**ललितपुर।** अन्ना पशुओं से परेशान किसानों ने जिलाधिकारी से जल्द कार्यवाही की मांग उठायी है। ग्राम पंचायत करमुहारा में अन्ना पशु/आवारा जानवरों द्वारा किसानों की फसलें नष्ट की जा रहीं हैं। इस सम्बन्ध में किसानों ने जिलाधिकारी को दिये पत्र में बताया कि उनके गांव में वन विभाग की रेंज बनी हुयी है, जिसमें अन्ना पशु/आवारा जानवर आकर गांव में आतंक मचाये हुये हैं। खेतों में घुसकर फसलों को खराब कर रहे हैं और भगाने पर किसानों पर यही अन्ना पशु हमला कर देते हैं। इससे फसलों को नुकसान व जान का खतरा भी बना हुआ है। जानवरों से ग्राम गुरसौरा, सांकरवारकलां, इकलगुवां, तिलहरी, नौहरकलां इत्यादि गांव प्रभावित है। किसानों ने जिलाधिकारी से आवारा जानवरों को गांव में आने से रोके जाने के लिए उचित कार्यवाही की मांग उठायी है। पत्र देते समय राघवेन्द्र यादव, रामन सिंह, गोविन्द यादव, मुलाम सिंह, रहीश, गब्बर आदि मौजूद रहे।

### महिला अधिकार संरक्षण संस्थान के मंडल प्रभारी बने पं. प्रमोद बबेले



**ललितपुर।** महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए जिले में अग्रणी रहकर कार्य करने वाले पत्रकार पं.प्रमोद बबेले को भारतीय महिला अधिकार संरक्षण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्रा के आदेश पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रेखा तिवारी ने महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने महिला हितों को संरक्षित करने के उद्देश्य से पत्रकार प्रमोद कुमार बबेले को संगठन का मंडल प्रभारी मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर जनपदवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं नव नियुक्त मंडल प्रभारी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका वह पूरी कतव्र्यनिष्ठा के साथ निर्वाहन करेंगे।

### दुकानदार पर बिना जानकारी सिम चालू करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम नत्थीखेड़ा निवासी राममिलन पुत्र वीरन यादव ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसे दो-तीन दिन पहले जानकारी हुयी कि उसके नाम से किसी दुकानदार ने एक मोबाइल नम्बर की सिम धोखे से उसका अंगूठा लगवाकर व उसकी फोटो खींचकर चालू कर दी थी। जिसका नम्बर भी उसके पास है। उसकी जानकारी के बिना चालू किये गये सिम कार्ड को लेकर उक्त व्यक्ति पर कार्यवाही करने की मांग की। साइबर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रास्ते में रोककर दंपती से मारपीट, पुलिस ने मामला किया दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी के ग्राम पड़वां निवासी संतोष कुमार पुत्र मौललाल कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते बुधवार को रात करीब 8.30 बजे वह महरौनी से अपनी पत्नी राजकुमारी के साथ गांव जा रहा था। जैसे ही वह कृपाराम रिछारिया व कोमल कुशवाहा की दुकान के पास पहुंचा तो वहां मौजूद ग्राम धवारी निवासी रोहित राजा व पड़वां के अमोल सिंह पुत्र जयपाल सिंह ने उसकी मोटर साइकिल को रोक लिया और डंडा लगाकर उसे गिरा दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। चिल्लाने पर कुलदीप पुत्र कोमल व राजन पुत्र मुकुट ने आकर उन्हें बचाया। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

## जिला प्रशासन के अथक प्रयास से बंधनमुक्त कराए गए मजदूर

# कर्नाटक में बंधक 17 मजदूरों और 20 बच्चों समेत 37 लोगों को मुक्त कराया

### जन साहस संस्था के जरिए ललितपुर वापस लाए गए मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



जिले की तहसील मड़ावरा अंतर्गत मध्य प्रदेश के बॉर्डर एरिया से लगे ग्राम पापड़ा और सौल्दा गांव से सागर जिले का एक ठेकेदार लोगों को मजदूरी के नाम पर अधिक रुपये दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया। मजदूरों को महाराष्ट्र के नागपुर ले जाने की बात तय करते हुये ठेकेदार ने मजदूरों को कर्नाटक ले जाकर साढ़े चार लाख रुपये में बेच दिया। यह बात ललितपुर प्रशासन के अथक प्रयास से बंधन मुक्त कराकर ललितपुर वापस लाये गये मजदूरों ने बतायी।

गौरतलब है कि ललितपुर प्रशासन ने कर्नाटक में बंधक बनाकर रखे गए 17 मजदूरों और 20 बच्चों समेत कुल 37 लोगों को मुक्त कराया है। गुरुवार को सभी को ललितपुर लाया गया, जहां पीड़ितों ने अपनी आपबीती सुनाई। मजदूरों ने बताया कि उनसे जबरन 12 से 13 घंटे तक काम कराया जाता था और मजदूरी के नाम पर केवल आटा और मामूली पैसे दिए जाते थे। मुक्त कराए गए बच्चों में 14 वर्षीय दामिनी ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ काम पर गई थी। ठेकेदार ने उससे भी मजदूरी कराई और रोजाना 12 घंटे काम कराया। सात दिन में एक परिवार को केवल पांच किलो आटा दिया जाता था, जो पर्याप्त नहीं था, जिसके कारण कई बार उसे भूखा रहना पड़ता था। 14 वर्षीय किशोर ने बताया कि वह भी परिजनों के साथ गया था और मना करने पर मारपीट की धमकी दी जाती थी। वहीं 11 वर्षीय किशोर ने बताया कि उनसे सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक काम कराया जाता था। शाम को उनसे ही ट्रक लोड कराया जाता था।

#### प्रतिदिन 500 रुपए देने का लालच देकर उन्हें नागपुर ले गया

मजदूर जीवन ने बताया कि सागर निवासी एक ठेकेदार जिसका नाम भाईजान बताया जा रहा है उन्हें 28 अक्टूबर को गन्ना कटाई के लिए प्रतिदिन 500 रुपए देने का लालच देकर उन्हें नागपुर ले गया। वहां से महाराष्ट्र नागपुर के चंडी ले जाया गया, जहां 15 दिन कपास की कटाई कराई गई। इसके बाद दीपक नामक युवक उन्हें 50 किलोमीटर दूर ले जाने की बात कहकर ट्रक से करीब 400 किलोमीटर दूर कर्नाटक ले गया और बागलकोट जिले की बदामी तहसील के ग्राम निरालगी में अशोक मुंडा के पास छोड़ दिया। यहां उनसे रोज सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक गन्ना कटाई और ट्रक में गन्ना भरवाने का काम कराया जाता था। भागने की कोशिश करने पर उन्हें पकड़कर वापस ले आया जाता था। मजदूरों ने बताया कि सात दिन में एक परिवार को केवल पांच किलो आटा और ढाई सौ रुपए दिए जाते थे। मजदूरी मांगने पर गोविंद और रामावतार के साथ मारपीट की गई। करीब ढाई महीने तक सभी को बंधक बनाकर रखा गया और मजदूरी भी नहीं दी जा रही थी। दो नाबालिग बच्चों से भी गन्ना कटाई कराई जा रही थी। किसी तरह मजदूर राजकुमार ने 29 दिसंबर को मोबाइल से घर फोन कर पूरी जानकारी दी। इसके बाद गोरेलाल निवासी सोल्डा की पत्नी वती ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश से शिकायत की। जिलाधिकारी ने तुरंत कर्नाटक प्रशासन से संपर्क किया। सहरिया आदिवासियों के उत्थान के लिए कार्य कर रही जन साहस स्वयंसेवी संस्था की टीम जिला कॉर्डीनेटर राजेश कुमार के नेतृत्व में 1 जनवरी को कर्नाटक रवाना हुई और 3 जनवरी को कर्नाटक प्रशासन के सहयोग से सभी मजदूरों और बच्चों को मुक्त कराया गया।

#### बागलकोट जिले के बादामी थाने में ठेकेदार पर एफआईआर

बताया जा रहा है कि बागलकोट जिले के बादामी में तैनात राजस्व निरीक्षक हुसैनसाब लालसाब चौधरी ने महाराष्ट्र के जिला बीड दैपर निवासी दीपक श्रीहरी तोंबरे व अशोक मलुराम मुंडे के खिलाफ बंधुआ मजदूरी कराने के आरोप में शिकायती पत्र दिया है। शिकायत के आधार पर कर्नाटका पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 143 (3) व बंधुआ मजदूरी प्रथा (उन्मूलन) अधिनियम 1976 की धारा 16, 17, 18 व 19 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र दिया

### क्रय प्लाट पर मकान बनाकर अवैध कब्जा करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

संस्कृत विद्यालय बनारस में अध्ययनरत ग्राम पंचायत जखौरा के निवासी राज पाण्डेय पुत्र स्व.बालकिशन पाण्डेय ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने माता-पिता के गुजर जाने के बाद और स्वयं के बनारस में अध्ययनरत होने का लाभ उठाकर एक व्यक्ति द्वारा क्रयशुदा प्लाट पर मकान बनाकर अवैध कब्जा कर लिये जाने का आरोप लगाया है। राज पाण्डेय ने डीएम को बताया कि उसका एक आवासीय प्लाट जखौरा में बीएसएनएल टॉवर के पास बुडेरा रोड पर है। उक्त प्लाट पर 8 सितम्बर 2006 को घनश्याम पुत्र नन्ना कुशवाहा से उचित प्रतिफल देकर जरिए रजिस्टर्ड बैनामा क्रय किया था। उक्त प्लाट उसके पिता बालकिशन पुत्र लक्ष्मन पाण्डेय के नाम से दर्ज कागजात माल है। बताया कि वह संस्कृत विद्यालय बनारस में अध्ययनरत है। इस कारण उसका जखौरा आना-जाना कम होता है। माता-पिता का स्वर्गवास हो जाने का लाभ उठाकर ग्राम गुलेंदा के मजरा कसा निवासी एक व्यक्ति ने उसके क्रयशुदा प्लाट पर कब्जा करने की नीयत से मकान निर्माण कर लिया है। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त व्यक्ति ने उसे गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने डीएम से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## महिलाएं करती रहीं शिकायत, जेसीबी से मकान गिराया, एफआईआर की गई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

मकान की मरम्मत कराते समय दूसरे मोहल्ले के आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने एकराय होकर काम बंद करा दिया और जान से मारने की धमकी दी। प्रकरण में महिलाओं की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला आजादपुरा निवासी मुन्नू राजा पत्नी स्व.अजीत सिंह व छत्रसालपुरा निवासी संगीता नायक पत्नी मनीष नायक ने संयुक्त रूप से पुलिस को दी तहरीर में बताया कि राजघाट रोड स्थित मन्नू पेट्रोल पम्प के सामने आरामशीन के बगल में उनका एक मकान स्थित है। 26 दिसम्बर को वह मकान की मरम्मत करा रहे थे। तभी घुसयाना निवासी पूरन सिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह, सौरभ सिंह पुत्र पूरन सिंह, गजेन्द्र सिंह पुत्र शंकर सिंह, भूपेन्द्र सिंह पुत्र शंकर सिंह, रामसिंह पुत्र जगदीश सिंह, शिवानी पुत्री रामसिंह, महेन्द्र सिंह पुत्र मंगल सिंह, सुम्मेर सिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह व इनके घर की महिलाएं एकजुट होकर आये और मौके पर विवाद करने लगे। आरोप है कि धमकी देते हुये उक्त लोगों ने काम बंद न करने पर हड्डियां तोडऩे और जान से मार डालने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में शिकायती पत्र एसपी, कोतवाली व मण्डी चौकी पुलिस को दिया था। बताया कि 7 जनवरी को अपराह्न 2 बजे जब वह मौके पर मरम्मत कार्य देखने पहुंचे तो देखा कि उक्त लोगों द्वारा बने हुये कमरे तोड़ रहे थे। उन्होंने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। शाम 4 बजे फिर से डायल 112 पर कॉल किया और कोतवाली पुलिस को सूचना दी, इधर फोन पर खबर मिली कि उक्त लोगों ने जेसीबी से बाउण्ड्रीबाल सहित पूर्ण निर्माण ध्वस्त कर दिया। मौके पर पहुंचने पर पूरन सिंह ने गालियां दीं। पीड़िताओं का आरोप है कि उनके बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी उनका मकान जमींदोज कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बिना नंबर प्लेटों की गाड़ियों से आए हमलावरों ने डेयरी संचालक को पीटा, सात पर नामजद रिपोर्ट

**ललितपुर।** बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिलों से आये दबंगों ने एक युवक के साथ बेसवॉल के डंडों, लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। पुराना सूचना केन्द्र के पास दूध डेयरी संचालन कर रहे युवक पर हुये हमले को लेकर यहां लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। घायल की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से एक युवती ने घायल युवक के छोटे भाई पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुये एफआईआर दर्ज करायी है।

सरस्वती शिशु मंदिर के पास रहने वाले यश बबेले पुत्र कृष्ण गोपाल बबेले ने कोतवाली पुलिस को अवगत कराया कि बुधवार की रात करीब 8.10 बजे वह अपनी दूध डेयरी की दुकान जो कि सूचना केन्द्र के पास गोस्वामी मेडिकल के सामने है को चला रहा था। तभी वहां एकराय होकर आजादपुरा निवासी शिवम शर्मा (पठान), शक्ति बाल्मीकि, दम्मू के कुंआ के पास रहने वाले राज राजा, संजू रायकवार, दिनेश यादव अपने आठ अज्ञात लोगों के साथ बिना नम्बर प्लेट के दो पहिया वाहनों से आये और उसके साथ बिना कारण मारपीट करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों, लोहे की रॉड से मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर, छाती, अंधरूनी व बाहरी चोटें आयीं। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। घटना को विशाल राजपूत, प्रिंस प्रजापति, प्रिंस राजपूत, सिद्धार्थ कटारे, गौरव रावत, नीतेश तिवारी, बब्लू गोस्वामी ने देखा और बचाव किया। आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने दोपहर करीब 11.45 बजे उसके छोटे भाई शिव बबेले पुत्र परशुराम बबेले के साथ भी मारपीट की थी और उक्त व्यक्तियों में से दिनेश यादव ने अपनी पुत्री से झूठे मुकद्में में फंसाने की धमकी भी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद व अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

#### युवती ने शिव बबेले पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

*बीस वर्षीय युवती ने शिव बबेले पर पिछले चार-पांच दिनों से छेड़छाड़ करने और उसके पिता व भाई को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बताया कि बुधवार को शाम करीब 7 बजे उसके घर शिव बबेले व आरएमव्ही कॉलेज के पास काशीराम कालोनी निवासी राहुल यादव ने घर में घुसकर उसको गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसके साथ छेड़छाड़ भी की गयी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर शिव बबेले व राहुल यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 351 (3), 352, 74 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।*

## राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ति स्थापना का आश्वासन

### समाज ने बैठक कर जताया आक्रोश, जल्द स्थापना की मांग




**ललितपुर।** जिला राठौर समाजकी जिला प्रभारी समिति की ओर से एक अति आवश्यक बैठक मां शारदा मिलन पैलेस में भाजपा नगराध्यक्ष भगत सिंह राठौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में वीर शिरोमणी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ती स्थापना के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। जिला प्रभारी अशोक राठौर पूर्व पार्षद ने कहा कि अबसे 7, 8 माह पहले नगर पालिका सभी सभासदों द्वारा राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ती लगाने जाने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया था, नियमानुसार टेण्डर प्रक्रिया हुई और आज से 6 माह पूर्व टेण्डर पास हुआ और टेण्डर होने के बाद आज तक नगर पालिका द्वारा मूर्ती स्थापना नहीं कराई गई। संचालन करते हुए विनोद राठौर (मुनीम) जिला प्रभारी राठौर समाज द्वारा कहा गया कि कई बार जिला राठौर समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने नगर पालिका के ई.ओ. साहब एवं चैयरमैन प्रतिनिधि से सम्पर्क किया उनके द्वारा आज तक मूर्ती के बारे में कोई संज्ञान नहीं लिया गया कोरे आश्वासन दिये गये। कभी ई.ओ. साहब चैयरमैन की कहते तो कभी चैयरमैन प्रतिनिधि ई.ओ. साहब की कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। आगे वक्ताओं में जिला प्रभारी रवि राठौर एवं जिला प्रभारी चन्द्रशेखर राठौर द्वारा नगर पालिका प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया समाज में भारी रोष व्याप्त है और नगर पालिका द्वारा अति शीर्घ राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की मूर्ति नहीं लगाई जाती है तो जिला प्रभारी समिति एवं जिला राठौर समाज द्वारा उग्र अन्दोलन करने का मजबूर होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका की होगी। बैठक में जिला प्रभारी समिति के पूर्व पार्षद अशोक राठौर, विनोद राठौर (मुनीम), रवि राठौर (पूर्व पार्षद), चन्द्रशेखर राठौर के अलावा शिब्बू राठौर (पत्रकार), रामप्रसाद राठौर (सूरी), राजकुमार राठौर (सूरी), सुरेश कुमार राठौर, उमाशंकर राठौर, सनत कुमार राठौर, मगन लाल राठौर, रघुवीर सहाय राठौर, राजू राठौर, अजय राठौर, राजेश राठौर, कैलाशनारायण राठौर, संजय राठौर आदि उपस्थित रहे सभा संचालन विनोद राठौर (मुनीम) ने किया आभार जिला प्रभारी अशोक राठौर (पूर्व पार्षद), रविशंकर राठौर (पूर्व पार्षद), चन्द्रशेखर राठौर आदि ने संयुक्त रूप से किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी शिब्बू राठौर ने दी है।

## आरटीआई कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

### सिद्धंनपुरा व नेहरू नगर के आवागमन का रास्ता रेलवे पर बंद करने का आरोप



**ललितपुर।** वर्षों पुराना आम रास्ता जो कि नेहरू नगर व सिद्धंनपुरा में रहने वाले लोगों को आवागमन के लिए सुलभ है को नियमों पर ताक पर रखकर रेलवे अधिकारियों द्वारा बंद करने का आरोप लगाया गया है।

शिकायत कर्ता ने बताया कि इस सम्बन्ध में डीएम ललितपुर व डीआरएम झांसी को 19 दिसम्बर को पत्र दिया गया था, जिसमें उन्होंने टीम बनाकर समस्या निस्तारण करने की मांग उठायी थी पर ध्यान दिये जाने की मांग उठायी है। आरटीआई कार्यकर्ता कन्हैयालाल विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री समेत रेलवे के बड़े अधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराया कि ललितपुर के वार्ड नं. 1 सिद्धंनपुरा के लोगों को रेलवे स्टेशन जाने एवं रेलवे ब्रिज से आवागमन के लिए आम रास्ता वर्षों पुराना बना हुआ है, जो कि तीसरी लाइन बनाये जाने पर खोद डाली गयी। उक्त आम रास्ता पर टोटल सीमेंट, पिलर, गाटर डालकर बंद कर दिया गया है। जिसके सम्बन्ध में नई दिल्ली व डीएम को 16 दिसम्बर को शिकायती पत्र दिया गया, जिसमें डीएम ने 19 दिसम्बर को पत्र प्रेषित कराते हुये नेहरू नगर व सिद्धंनपुरा के लोगों की समस्या के लिए राजस्व विभाग, रेल विभाग की टीम बनाकर समस्या निराकरण करने की अपेक्षा की गयी। आरोप है कि डीआरएम झांसी ने गौर नहीं किया। उन्होंने प्रधानमंत्री व रेलवे के आलाधिकारियों से जनहित में उक्त समस्या के निस्तारण की मांग उठायी है। पत्र पर कन्हैयालाल विश्वकर्मा, महेन्द्र प्रसाद पांचाल एड., इन्द्रपाल सिंह के हस्ताक्षर अंकित हैं।

## 90 से 95% अपराधों का खुलासा फुटेज की मदद से हुआ इसलिए

# जिलेभर में लगाए जाएंगे 5 हजार सीसीटीवी

### अपराध नियंत्रण की दिशा में विदिशा पुलिस का 'दृष्टि 360 डिग्री' अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



- निजी व संस्थानों के सहयोग से मजबूत होगी निगरानी व्यवस्था

विदिशा जिले में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और अपराधियों की त्वरित धरपकड़ के उद्देश्य से विदिशा पुलिस द्वारा 'दृष्टि 360 डिग्री' अभियान चलाया जा रहा है। भोपाल पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रारंभ इस अभियान के तहत जिले के अधिकतम क्षेत्रों को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में लाने की पहल की जा रही है।

एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि पुलिस के अनुभव के अनुसार 90 से 95 प्रतिशत अपराधों का खुलासा सीसीटीवी फुटेज की मदद से ही संभव हुआ है। ऐसे में जिले के कुछ ऐसे क्षेत्र, जहां अभी कैमरे नहीं लगे हैं, वहां अपराध नियंत्रण में कठिनाई आती है और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी में समय लगता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। एएसपी श्री चौबे ने बताया कि इस अभियान में शासन स्तर के साथ-साथ निजी, संस्थागत और सामाजिक

संगठनों से सहयोग लिया जा रहा है। अभियान की शुरुआत में ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा 25 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई, जिससे विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पुलिस द्वारा कॉलोनियों, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग्स, दुकानों और बाजारों में कैमरे लगाने के लिए शहरवासियों को प्रेरित किया जा रहा है। यह भी सलाह दी जा रही है कि लगाए गए कैमरों में से कम से कम एक कैमरा सड़क की ओर हो ताकि बाहरी गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सके। यह अभियान केवल विदिशा शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि पठारी, गंजबासौदा और सिरोंज में भी व्यापारी वर्ग और निजी संगठन इसमें सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। पुलिस का लक्ष्य है कि पूरे विदिशा जिले में लगभग 5 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिससे अपराधियों के लिए जिले में अपराध करना मुश्किल हो और आमजन खुद को सुरक्षित महसूस कर सके। जिले में घट रहे अपराधों में आरोपियों की गिरफ्तारी में सीसीटीवी कैमरों की मदद मिलने से पुलिस तुरंत अपराधियों तक पहुंच जाती है। कई मामलों में सीसीटीवी फुटेज मिलने से आरोपियों की पहचान करना आसान हो जाता है और पुलिस आरोपियों को धर दबोचती है।

## महिला के सेंट्रल बैंक में जमा 34 हजार गायब

### पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा

**ललितपुर।** पुलिस चौकी नेहरू नगर अंतर्गत जुगपुरा रोड काली माता मंदिर के पास रहने वाली गोराबाई पत्नी बाबूलाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि बीती 31 दिसम्बर को वह सेन्ट्रल बैंक पैसा निकालने गयी थी, तो उसे पता चला कि उसके खाते में रुपये नहीं हैं, जबकि उसके खाते में 34 हजार रुपये था। जब उसने बैंक वालों से बात की तो जानकीर हुयी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीते 22 दिसम्बर को तीन बार 10 हजार रुपये निकाला गया तथा एक बार उसके खाते से 3848 रुपये निकाला गया, जिससे वह काफी परेशान है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले में कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## कवि लेखक समागम का तृतीय सोपान 11 को

**विदिशा।** नगर की साहित्यिक संस्था प्रयास के तत्वावधान में आगामी 11 जनवरी को कवि–लेखक समागम–25 के तृतीय सोपान का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे से होगा। समागम के प्रथम चरण में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी का जन्मदिन मनाया जाएगा। द्वितीय चरण में विदिशा नगर के कवि एवं लेखक अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। कार्यक्रम के दौरान जिले के श्रेष्ठ पांच साहित्यकारों का सम्मान भी किया जाएगा। ये सम्मान पूर्व वर्षों की भांति विदिशा के दिवंगत एवं प्रतिष्ठित साहित्यकारों की स्मृति में प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति में कामरेड माधोसिंह, गोविन्द देवलिया एवं बृज श्रीवास्तव शामिल हैं। समिति सदस्य गोविंद देवलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कवि–लेखक समागम श्रृंखला का तीसरा चरण है, जिसमें नगर के साहित्य-रसिकों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### एसडीएम के सख्त निर्देशों के बावजूद नियमों की अनदेखी कर रही रेलवे की एजेंसियां

# रेलवे ठेकेदार ने फिर की ब्लास्टिंग घरों में नुकसान, नहीं हुई जनहानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़





भोपाल-रामगंज प्रोजेक्ट के तहत जिले की सीमा सहित राजगढ़ नगर के पाटन रोड पर रेलवे लाइन का कार्य दुरत गति से जारी है। लेकिन केंद्र सरकार की इस महती परियोजना को जल्द से जल्द निपटाने के चक्कर में रेलवे द्वारा निर्धारित एजेंसियों एवं ठेकेदारों द्वारा सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर रहवासी क्षेत्रों, कॉलोनियों के समीप बगैर निर्धारित मापदंडों को पूरा किए कभी भी ब्लास्टिंग की जा रही है।

करीब तीन माह पहले एसडीएम निधि भारद्धाज द्वारा दिए गए तल्ख निर्देशों के बावजूद कल हार्डरॉक(कठोर पत्थरों) को तोड़ने रेलवे के ठेकेदार द्वारा एक बार फिर से ब्लास्टिंग की गई। ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कईं किलो वजनी पत्थर आसपास के घरों तक गिरे जिनसे कुछ घरों में नुकसान हुआ है। गनीमत से सिर्फ मकानों को नुकसान पहुंचा है।

बगैर सूचना अचानक की गई इस ब्लास्टिंग की तेज आवाज के साथ घरों, सड़कों पर बड़े-बड़े पत्थर, बोल्डर गिरने से कॉलोनीवासी सकते में आ गए। इस दौरान आसपास टहल रहे लोगों और सड़क क्रॉस रहे कॉलोनीवासियों, ग्रामीणों सहित अन्य लोगों ने जैसे-तैसे अपने आप को बचाया।

### इनके घरों में हुआ नुकसान

ब्लास्टिंग के चलते हेडगेवार कॉलोनी निवासी सुनील दुबे के मकान की गैलरी टूट गई वहीं शिव मेवाड़े के मकान को भी नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही आसपास के कुछ घरों की दीवारों पर बड़े-बड़े पत्थर, बोल्डरों से दरारें पड़ गईं।

### एसडीएम के सख्त निर्देशों की भी अवहेलना

उल्लेखनीय है कि अगस्त और सितंबर माह के दौरान भी रेलवे ठेकेदार द्वारा बगैर सूचना दिए इसी तरह अचानक ब्लास्टिंग की गई थी जिससे कईं घरों, वाहनों में खासा नुकसान हुआ था। मंदिर के आसपास खेल रहे कुछ बच्चे सहित श्रृद्धालु उस समय बाल-बाल बचे थे। घटना को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम निधि भारद्धाज तुरंत मौके पर पहुंची थी तब संबंधित ठेकेदार ब्लास्टिंग की अनुमति से संबंधित आधे-अधूरे कागजात ही प्रस्तुत कर पाया था। इस पर एसडीएम ने समस्त रिकार्ड को जब्त करवा लिया था। इसके बावजूद कल फिर से बगैर सूचना और सुरक्षा मापदंडों पर ध्यान दिए की गई ब्लास्टिंग से कॉलोनीवासियों में खासा रोष व्याप्त है।

### साप्ताहिक हाट-बाजार का भी नहीं रखा ध्यान

आपको बतादें कि हर बुधवार को मुख्यालय पर साप्ताहिक हाट-बाजार रहता है जिसमें पाटन और आसपास के कईं ग्रामीणों खरीदारी करने आया करते हैं। ऐसे में इस दिन ब्लास्टिंग करने पर पूर्व से मनाही है। इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए ब्लास्टिंग करवाई गई।

### इनका कहना है...

अगर निर्धारित मापदंड पूरा किए फिर से ब्लास्टिंग करवाई गई है तो मै अभी दिखवाती हूं।

\- निधि भारद्धाज, एसडीएम, राजगढ़

### लोकायुक्त में हुई शिकायत पर जिला पंचायत सीईओ ने की कार्रवाई

**राजगढ़।** लोकायुक्त भोपाल से प्राप्त शिकायत के आधार पर जिला पंचायत राजगढ़ के अंतर्गत जनपद पंचायत खिलचीपुर की ग्राम पंचायत बारोल में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित वित्तीय अनियमितता के प्रकरण की जांच कराई गई। जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले द्वारा करवाई गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि ग्राम पंचायत बारोल के दो आवास हितग्राही मदन गाडरी एवं प्रकाश पिता बाबरू द्वारा आवास निर्माण हेतु स्वीकृत एवं प्राप्त राशि के उपरांत भी आवास निर्माण कार्य नहीं कराया गया। उक्त प्रकरण में मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत संबंधित सचिवगण रतनलोधा, कंवरलाल एवं मोड़सिंह तथा आवास हितग्राही मदन गाडरी एवं प्रकाश के विरुद्ध वसूली प्रकरण दर्ज किया गया। सभी संबंधित अनावेदकों एवं आवास हितग्राहियों को प्रकरण में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु समय-समय पर नोटिस जारी किए गए। प्रकरण में केवल अनावेदक रतनलोधा द्वारा उपस्थिति दर्ज कराई गई, जबकि शेष अनावेदक एवं आवास हितग्राही लगातार अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित व्यक्तियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा वसूली राशि का निर्धारण किए जाने के उद्देश्य से संबंधितों को जमानती वारंट जारी किए गए हैं। प्रकरण में नियमानुसार आगे की कार्रवाई प्रचलन में है।

### पुलिस की तीन अलग-अलग टीमों ने घेराबंदी की

## डकैती की योजना बनाते पारदी गैंग के 10 बदमाश धराए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गुना, अशोकनगर सहित आसपास के जिलों के बाद अब पारदी गैंग राजगढ़ जिले में भी सक्रिय हो चुकी है। राजगढ़ जिला पुलिस की टीम ने राजगढ़-खिलचीपुर के मध्य स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बना रहे पारदी गैंग के 10 हथियारबंद बदमाशों को चोरी की मोटर साइकिलों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजगढ़ नगर के सर्राफा बाजार में हुई डकैती व सारंगपुर में हुई वारदात का आरोपी भी शामिल है। यह सभी आरोपी जालपा माता की पहाड़ी के समीप हथियारों से लैस होकर डकैती की योजना बना रहे थे कि कौन पंप के कर्मचारियों को हथियारों से कवर करेगा, कौन हाईवे पर निगरानी करेगा, कौन ऑफिस में घुसकर नकदी लूटेगा। आरोपी अपने मंसूबे में सफल हो पाते इसके पूर्व ही पुलिस को अपने मुखबिरों से मिली सूचना के उपरान्त तत्काल तीन टीमें गठित की गई। पुलिस टीमों द्वारा की गई चैतरफा घेराबंदी के दौरान आरोपियों ने भागने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो पाए।

**ये आरोपी किए गए गिरफ्तार-** पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों में बना साहब पिता घुरीलाल पारदगी निवासी छोटी कनारी, महावीर पिता बाबू पारगी निवासी बीलाखेड़ी, घासी पिता साधु पारदगी निवासी छोटी कनारी, सिकंदर पिता बालचंद पारदी निवासी खेजड़ा, रामपाल पिता जगदीश पारदी निवासी बीलाखेड़ी, रामबाबू पिता जगन्नाथ पारदगी निवासी बीलाखेड़ी, सुरेश पिता बनेसिंह पारगी,, जाबाद पिता जावर पारदी, सहवाग पिता गोवर्धन पारदी एवं समीर पिता मुकद्दर पारदी निवासी मुरादपुर शामिल हैं।

### घर-घर संपर्क कर दिया जा रहा आमंत्रण

## ब्यावरा में हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। सकल हिंदू समाज एवं आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिदिन नगर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। गणमान्य नागरिकों से संपर्क कर उन्हें सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया जा रहा है। नगर में जगह-जगह ध्वज, बंदरवार, बैनर एवं पोस्टर लगाकर वातावरण को धार्मिक और उत्सवमय बनाया जा रहा है। साथ ही लोगों को सम्मेलन में सहभागिता के लिए अक्षत (पीले चावल) का वितरण किया जा रहा है तथा आमंत्रण पत्र भी घर-घर पहुंचाए जा रहे हैं।

आयोजन समिति के अनुसार 11 जनवरी को ब्यावरा नगर के आठ स्थानों पर एक साथ एवं एक ही समय हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में बुधवार को महाराणा प्रताप बस्ती में विशेष संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पीले चावल वितरित किए और लोगों को 11 जनवरी प्रातः 11 बजे मानस स्कूल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया।

जनसंपर्क अभियान के तहत शिवाजी नगर, तुलसी नगर, सुदामा नगर, कोली मोहल्ला, पंचशील कॉलोनी, राजगढ़ रोड सहित अन्य क्षेत्रों में भी संपर्क किया गया। इन क्षेत्रों में ध्वज, बंदरवार, बैनर और पोस्टर लगाकर आयोजन का संदेश प्रसारित किया गया। आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। समिति का अनुमान है कि सम्मेलन में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए सहभोज (सामूहिक भोजन) का आयोजन भी किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन को साधु-संत एवं समाज के प्रमुख वक्ता संबोधित करेंगे, जो समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देंगे। आयोजन समिति ने नगरवासियों सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

### ग्राम सैदाबाद में पुलिस बल एवं ग्रामीणों ने किया माल्यार्पण

## अमर शहीद अंबाराम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ग्राम सैदाबाद में अमर शहीद स्वर्गीय श्री अंबाराम जी मालवीय की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद अंबाराम मालवीय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में सारंगपुर थाना पुलिस बल विशेष रूप से उपस्थित रहा। पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने शहीद के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में उनके द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस मौके पर एसआई परस्ते, आनंदीलाल भिलाला शासकीय एकाकृति स्कूल सैदाबाद के शिक्षक जितेंद्र सिंह, तेज सिंह सहित ग्राम सैदाबाद के समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बद्रीलाल मालवीय (पूर्व सरपंच), शिवनारायण मालवीय, निर्मल मेवाड़ा, दिलीप मेवाड़ा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि शहीद अंबाराम मालवीय की शहादत आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम का समापन दो मिनट का मौन रखकर शहीद की आत्मा की शांति की प्रार्थना के साथ किया गया।

18 जनवरी को इंदौर में होना है इंडिया न्यूजीलैंड मैच


## टिकट बुकिंग के नाम पर राजगढ़ के युवक से की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारत और न्यूजीलैंड के बीच आगामी 18 जनवरी को इंदौर में खेले जाने वाले अंतिम मैच की टिकट बुकिंग के नाम पर राजगढ़ के युवक से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। युवक ने स्वयं एवं अपने भाई के नाम से दो टिकिट बुक करवाए थे। टिकट भी ई-मेल से संबंधित युवक को भेज दिए गए लेकिन बाद में मालूम हुआ कि वो ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ है।

### ऐसी की गई यह ठगी

नगर के बिरजीपुरा निवासी अभय ने इंडिया न्यूजीलैंड के बीच 18 जनवरी को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में आयोजित होने वाले मैच के लिए एक ऑनलाईन साईट पर संपर्क किया। इसके उपरान्त उस साईट से जुड़े ठगों ने दो टिकटों की बुकिंग के लिए 7 हजार 900 रुपए जमा करवाने बोला गया। पहले सिर्फ 15 फीसदी राशि ही जमा करवाने की बात कहते हुए टिकट भेजने की बात कही गई। इसके साथ ही कुछ ऑफर भी दिए गए।




अभय द्वारा 15 फीसदी राशि जमा करवाने के बाद उनके ई-मेल पर दो टिकट भी आ गए। बाद में अलग-अलग समय पर 1 हजार, 2 हजार इस तरह कुल 7 हजार 900 रुपए की राशि संजना मलिक नाम की महिला के खाते में डलवाई गई। बाद में जिन मोबाइल नंबरों से फोन किए जा रहे थे, उन पर संपर्क किया गया तो वे सब बंद मिले। इसके साथ ही ई-मेल पर प्राप्त टिकटों के भी फर्जी होना सामने आया।

### विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत, विधायक ने तकनीकी ज्ञान पर दिया जोर

## जनपद शिक्षा केंद्र की ब्लॉक स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी



**नरसिंहगढ।** जनपद शिक्षा केन्द्र द्वारा ब्लॉक स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन पुरानी कोतवाली परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान सहित अन्य विषयों से संबंधित आकर्षक एवं नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सभी विषयों का तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान भी अर्जित करना चाहिए, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला मंत्री सत्येन्द्र सिंह राठौड़, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, रमेश मालवीय, मुन्ना साहू, दिनेश नागर, मनोज जड़िया मौजूद रहे।

## डॉ. मंत्री टेटवाल ने भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से की सौजन्य भेंट

**सारंगपुर।** प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सारंगपुर विधानसभा के विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर डॉ. टेटवाल ने श्री नबीन को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए वीरता, स्वाभिमान एवं नारी शक्ति की अमर प्रतीक रानी कमलापति जी की प्रतिमा भेंट की।



आत्मीय वातावरण में हुई इस मुलाकात के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनसेवाभिमुख बनाने से जुड़े विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। डॉ. टेटवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक ढांचा निरंतर जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने हेतु केंद्र व प्रदेश स्तर पर समन्वय बढ़ाने पर भी चर्चा की। इस मुलाकात को आगामी संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## लोगों को सेविंग की आदत डालने शुरू हुआ बचत पखवाड़ा

राजगढ़। बैंक के ग्राहकों सहित आमजनों में बचत के महत्व को समझाने जिला सहकारी बैंक की समस्त शाखाओं एवं समितियों में बचत पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को राजगढ़ शाखा में बचत पखवाड़े के शुभारंभ पर सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिलीप चैहान ने बैंक के ग्राहकों, आमजनों, जमाकर्ताओं को छोटी-छोटी एवं बड़ी बचत से किस तरह भविष्य सुरक्षित रखा जा सकता है, इस बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जिला सहकारी बैंक अपने जमाकर्ताओं को अन्य बैंकों की तुलना में अधिकतम 8 प्रतिशत की ब्याजदर प्रदान कर रहा है। बैंक में जमा राशि बीमित रहते हुए पूर्णतः सुरक्षित रहती है।

## घटिया निर्माण कार्य को लेकर वार्ड 10 पार्षद ने जताया विरोध



**जीरापुर।** गुणवत्ता विहीन घटिया निर्माण अनियमितताओं को लेकर नगर परिषद वार्ड क्रमांक 10 पार्षद प्रतिनिधि मनोहर बरेठा ने खुला आरोप लगाते हुए बताया कि घटिया निर्माण की यह पोल खुल रही जिसमें पैर के टसेरे से नाली पर बने चेंबर की सीमेंट कांक्रीट उखड़ रही है। नगर परिषद द्वारा नगर के मुख्य मार्ग बस स्टैंड पर मार्ग से जो नाली क्रांस हुई है उसके ऊपर बने चैंबर को कई बार बनाने के बावजूद उखड़ जाता है जिसके कारण निकलने वाले वाहन और आम राहगीरों को आयें दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस और किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा। तीन दिन पूर्व नाली के ऊपर बनाए गए चेंबर जो की घटिया निर्माण कार्य के कारण उखड़ गया उसको लेकर नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाए। इसी के साथ साथ पीपल्दा रोड स्थित मुक्तिधाम रोड पर भारी अव्यवस्थाओं का अम्बार है। पुरा रोड़ उखड़ा होकर गिट्टी रोड़ पर बिखरी हुई है ऐसे में मुक्ति धाम तक शवयात्रा को लेकर पहुंचना मुसीबतों से भरा होता है । पार्षद प्रतिनिधि ने मुक्ति धाम रोड़ पर सीमेंट कांक्रीट निर्माण की मांग की। सीएमओ हरीओम शर्मा का कहना चेंबर का मामला मेरे संज्ञान में विडियो वायरल के माध्यम से आया है में जांच करवाता हूं। नगर परिषद उपयंत्री बृजेश उपाध्याय का कहना चेंबर पर जो ढ़कान है उसे हटा कर नाली को खुदवाकर नीचा करेंगे जिससे ढ़लान बन जाएगा।

### अवैध रूप से ईंधन का परिवहन करते 2 धराए



**खुजनेर।** खुजनेर पुलिस द्वारा पचोंर बायपास पर जारी वाहन चेकिंग के दौरान अवैध रूप से ईंधन का परिवहन करते 2 पकड़ाए जिसमे एक मिनी पिकअप में 6 नीले रंग के डीजल से भरे ड्रम मिले जिसे मौके पर पुलिस द्वारा चेक किया गया उसमें 6 ड्रम डीजल से भरे मिले जिसमें बैठे दोनों व्यक्तियों से जब पुलिस द्वारा वैध दस्वावेज दिखाने को कहा पिकअप सवार दीपक सोंधीया बावड़ीखेड़ा रितेश चैहान बावड़ीखेड़ा द्वारा कोई वैध दस्वावेज नहीं दिखाए गए पुलिस ने पिकअप को जप्त कर दोनो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

### नगर में रुके हुए विकास कार्य जन समस्याओं का अब होगा समाधान

## खिलचीपुर नगर परिषद को मिला स्थाई सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



खिलचीपुर में नगर परिषद सीएमओ के बार बार ट्रांसफर के बाद आज सोमवार को नपा सीएमओ देवनारायण दांगी ने पदभार संभालते हुए नगर रुके हुए विकास कार्य जानकारी लेते हुए एवं जन समस्या संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने पत्रकार से चर्चा के दौरान बताया कि नगर के लोगों की जन समस्या के लिए ही हम हैं हमारा काम लोगों की जन सेवा करना हैं खिलचीपुर नगर में लोगों की व्याप्त जन समस्याओं पर ध्यान में रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशासन अध्यक्ष पार्षद जनप्रतिनिधि के सहयोग से हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगें। जहां पर आपसी तालमेल के साथ हर समस्याओं का निराकरण करेंगे। वहीं नगर में हुए घटिया निर्माण कार्यों में हुए भ्रष्टाचार के विकास कार्यों पर भी कार्यवाही कर नगर को स्वच्छ बनाने, ओर पीने योग्य शुद्ध पेयजल नगर वासियों को उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे । साथ ही इस कड़ाके की ठंड में नगर के जगह-जगह चैराहे पर अलाव जलनें की व्यवस्था की जायेगी जिससे लोगों को इस शीतलहर से थोड़ी राहत मिल सकेंगी। वही गाडगंगा नदी छोटे पुल के पटिये न लगना इसी तरह, गंदे नालों के पटिये भी अधूरे पड़े हैं, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अमृत और पीएम स्वनिधी , स्वच्छ भारत मिशन, वित्तीय लेनदेन, जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं प्रशासनिक अस्थिरता के कारण ठप पड़ी थी। नागरिकों ने शासन से मांग की है कि खिलचीपुर नगर परिषद में जल्द स्थायी और पूर्णकालिक सीएमओ की नियुक्ति की जाए, ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके।

### 21 महीनों में बदले गए आठ सीएचओ

नगर परिषद में मार्च 2024 से दिसंबर 2025 तक, केवल 21 महीनों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) आठ बार बदले जा चुके हैं। लगातार बदलाव से कार्यप्रणाली पर सवालों के घेरे में थी। आज से पूर्व सारंगपुर नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनहरे को सारंगपुर के साथ-साथ खिलचीपुर नगर परिषद का प्रभार सौंपा था।जो 60 किलोमीटर दूर से खिलचीपुर नगर परिषद कार्यालय में कभी-कभार ही पहुंच रही थी, जिससे कार्य प्रभावित हो रहे हैं।